**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या- *106**

**सोमवार, 11 दिसंबर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना**

***106. श्री पी.पी. चौधरी:**

**श्री अनुराग शर्मा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के उद्देश्य क्या हैं;

(ख) देश में रोजगार कार्यालयों और आदर्श कैरियर केन्द्रों (एमसीसी) की राज्य/जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) देश में राजस्थान और उत्तर प्रदेश में राज्य-वार और जिला-वार कितने रोजगार कार्यालयों को मॉडल कैरियर केन्द्रों (एमसीसी) के रूप में स्तरोन्नत किया गया है:

(घ) पाली, झांसी, देवरिया, प्रतापगढ़ रोजगार कार्यालयों की स्थिति और ब्यौरा क्या है और इन निर्वाचन क्षेत्रों में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों/रोजगार पाने के इच्छुक व्यक्तियों/नियोक्ताओं की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार की और अधिक रोजगार कार्यालय/एमसीसी स्थापित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) एनसीएस पोर्टल पर और अधिक नियोक्ताओं को पंजीकृत कराने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**श्रम और रोजगार मंत्री**

**(श्री भूपेन्द्र यादव)**

**(क) से (च): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।**

***

**"राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना" के संबंध में श्री पी.पी. चौधरी एवं श्री अनुराग शर्मा द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 11-12-2023 के तारांकित प्रश्न संख्या *106 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क) से (च):** श्रम और रोजगार मंत्रालय एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से विभिन्न प्रकार की करियर संबंधी सेवाएं जैसे नौकरी खोजना और मिलान, करियर परामर्श, व्यवसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी आदि प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

रोजगार कार्यालयों की स्थापना/विस्तार राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों के कार्य क्षेत्र में है। दिनांक 30.11.2023 तक, देश में 1005 रोजगार कार्यालय हैं। एनसीएस परियोजना के तहत, सरकार ने 400 मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) स्थापित करने का लक्ष्य रखा है और रोजगार कार्यालयों में 370 सहित सभी 400 एमसीसी को मंजूरी दे दी गई है। रोजगार कार्यालयों और मॉडल करियर केंद्रों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है तथा राजस्थान और उत्तर प्रदेश के स्थान-वार रोजगार कार्यालय जहां पर मॉडल करियर केंद्रों को मंजूरी दी गई है,उनका विवरण **अनुबंध- II** में दिया गया है।

दिनांक 30 नवंबर 2023 तक पाली, झाँसी, देवरिया और प्रतापगढ़ जिलों के एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत लाभार्थियों/नौकरी चाहने वालों/नियोक्ताओं की संख्या नीचे दी गई है:

| क्र.सं. | जिला | नौकरी चाहने वाला | नियोक्ता |
|---|---|---|---|
| 1 | पाली | 1,28,835 | 7,804 |
| 2 | झांसी | 1,01,710 | 2,172 |
| 3 | देवरिया | 70,445 | 2,072 |
| 4 | प्रतापगढ़ | 1,46,898 | 2,741 |

एनसीएस पोर्टल पर नियोक्ताओं का पंजीकरण बढ़ाने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. एनसीएस पोर्टल पर उद्यम पंजीकृत एमएसएमई के नियोक्ताओं के रूप में निर्बाध पंजीकरण के लिए, एनसीएस पोर्टल को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के उद्यम पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है। 16.81 लाख से अधिक उद्यम पंजीकृत एमएसएमई नियोक्ताओं के रूप में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत हैं।

ii. श्रम और रोजगार मंत्रालय ने नौकरी चाहने वालों के लिए एनसीएस पर नौकरी के अवसरों को बढ़ाने हेतु मॉन्स्टर डॉट कॉम, फ्रेशर्सवर्ल्ड, क्वेस कॉर्प लिमिटेड, हायरमी, टीसीएस-आईओएन, यूनिसेफ यूवाह आदि जैसे विभिन्न नौकरी पोर्टलों/निजी संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)/साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं।

iii. नियोक्ताओं से जुड़ने के लिए एनसीएस पोर्टल को ईपीएफओ और ईएसआईसी पोर्टल के साथ भी जोड़ा गया है।

iv. इसके अलावा, एनसीएस को लोकप्रिय बनाने और नौकरी चाहने वालों तथा नियोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए, सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां तथा आउटरीच गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं।

*****

अनुबंध-I

**लोक सभा के दिनांक 11.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या *106 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**रोजगार कार्यालयों और मॉडल करियर केंद्रों की राज्य-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | रोजगार कार्यालयों की संख्या | एमसीसी के रूप में उन्नत किए गए रोजगार कार्यालयों की संख्या | रोजगार कार्यालयों के अलावा अन्य संस्थानों में अनुमोदित एमसीसी की संख्या | एमसीसी की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 12 | 6 | - | 6 |
| 2 | असम | 52 | 12 | 1 | 13 |
| 3 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 1 | - | 1 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 17 | 29 | 1 | 30 |
| 5 | बिहार | 47 | 20 | - | 20 |
| 6 | छत्तीसगढ | 26 | 12 | - | 12 |
| 7 | दिल्ली | 3 | 1 | 1 | 2 |
| 8 | गोवा | 1 | 1 | - | 1 |
| 9 | गुजरात | 46 | 13 | - | 13 |
| 10 | हरियाणा | 65 | 3 | 1 | 4 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 15 | 2 | - | 2 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 20 | 18 | 1 | 19 |
| 13 | लद्दाख | 2 | 2 | 1 | 3 |
| 14 | झारखंड | 42 | 20 | - | 20 |
| 15 | कर्नाटक | 40 | 13 | 1 | 14 |
| 16 | केरल | 89 | 13 | 1 | 14 |
| 17 | लक्षद्वीप | 1 | 1 | 1 | 2 |
| 18 | महाराष्ट्र | 36 | 26 | 2 | 28 |
| 19 | मेघालय | 12 | 4 | - | 4 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 49 | 11 | 2 | 13 |
| 21 | मणिपुर | 11 | 1 | 1 | 2 |
| 22 | मिजोरम | 3 | 4 | - | 4 |
| 23 | नागालैंड | 8 | 7 | - | 7 |
| 24 | ओडिशा | 40 | 30 | 2 | 32 |
| 25 | पुडुचेरी | 1 | 4 | - | 4 |
| 26 | पंजाब | 47 | 12 | - | 12 |
| 27 | राजस्थान | 38 | 16 | - | 16 |
| 28 | सिक्किम | - | - | 6 | 6 |
| 29 | तेलंगाना | 34 | 12 | - | 12 |
| 30 | त्रिपुरा | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 31 | तमिलनाडु | 35 | 19 | 1 | 20 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 100 | 35 | 4 | 39 |
| 33 | उत्तराखंड | 24 | 4 | 1 | 5 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 77 | 15 | 1 | 16 |
| 35 | चंडीगढ़ | 2 | - | - | - |
| 36 | दादरा एवं नगर हवेली दमन और दीव | 3 | - | - | - |
| योग | | 1005 | 370 | 30 | 400 |

**अनुबंध-II**

**लोक सभा के दिनांक 11.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या *106 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**राजस्थान और उत्तर प्रदेश के उन रोजगार कार्यालयों की संख्या जहां मॉडल कैरियर केन्द्रों (एमसीसी) को मंजूरी दी गई है।**

**क. राजस्थानः**

| **क्र.सं.** | **स्थान** |
|---|---|
| 1 | अलवर, रोजगार कार्यालय |
| 2 | बांसवाड़ा जिला रोजगार कार्यालय |
| 3 | बाराँ जिला रोजगार कार्यालय |
| 4 | भरतपुर, रोजगार कार्यालय |
| 5 | बीकानेर, रोजगार कार्यालय |
| 6 | दौसा, रोजगार कार्यालय |
| 7 | जयपुर, रोजगार कार्यालय |
| 8 | जैसलमेर जिला रोजगार कार्यालय |
| 9 | जालौर, रोजगार कार्यालय |
| 10 | झालावाड़, रोजगार कार्यालय |
| 11 | झुंझुनू, रोजगार कार्यालय |
| 12 | कोटा, रोजगार कार्यालय |
| 13 | पाली, रोजगार कार्यालय |
| 14 | सवाई माधोपुर, रोजगार कार्यालय |
| 15 | सिरोही, रोजगार कार्यालय |
| 16 | श्रीगंगानगर जिला रोजगार कार्यालय |

ख. उत्तर प्रदेश

| क्र.सं. | स्थान |
|---|---|
| 1 | आगरा, क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 2 | अलीगढ़ रोजगार कार्यालय |
| 3 | बहराइच रोजगार कार्यालय |
| 4 | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय |
| 5 | बरेली क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 6 | बस्ती क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 7 | बिजनौर जिला रोजगार कार्यालय |
| 8 | बुलन्दशहर रोजगार कार्यालय |
| 9 | बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी |
| 10 | देवरिया रोजगार कार्यालय |
| 11 | इटावा रोजगार कार्यालय |
| 12 | फैजाबाद, क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 13 | फ़तेहपुर रोजगार कार्यालय |
| 14 | फ़िरोज़ाबाद रोजगार कार्यालय |
| 15 | गाजियाबाद, रोजगार कार्यालय |
| 16 | गोंडा क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 17 | हरदोई जिला रोजगार कार्यालय |
| 18 | कानपुर देहात रोजगार कार्यालय |
| 19 | कुशीनगर रोजगार कार्यालय |
| 20 | लखीमपुर खीरी जिला रोजगार कार्यालय |
| 21 | लखनऊ रोजगार कार्यालय |
| 22 | महोबा, रोजगार कार्यालय |
| 23 | मथुरा, रोजगार कार्यालय |
| 24 | मेरठ, रोजगार कार्यालय |
| 25 | मिर्जापुर, क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 26 | मुरादाबाद, रोजगार कार्यालय |
| 27 | मुज़फ्फरनगर क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 28 | पीलीभीत रोजगार कार्यालय |
| 29 | प्रतापगढ़ रोजगार कार्यालय |
| 30 | रायबरेली रोजगार कार्यालय |
| 31 | सहारनपुर क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय |
| 32 | सीतापुर जिला रोजगार कार्यालय |
| 33 | सोनभद्र रोजगार कार्यालय |
| 34 | सुल्तानपुर रोजगार कार्यालय |
| 35 | इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद |